Adda 247 Publications

BOOKS

Visit: publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

Q26. एक पेन का क्रय मूल्य 50 रु है और नोटबुक का क्रय मूल्य 140 रु है। यदि पेन को 200% के लाभ पर बेचा जाता है, तो ऐसी 10 नोट बुक खरीदने के लिए कितने पेनों को बेचने की आवश्यकता है यदि नोटबुक खरीदने के लिए केवल लाभ धनराशि का उपयोग किया जाता है?

(a) 16
(b) 18
(c) 14
(d) 20
(e) 22

Q27. दो ट्रेनों की लम्बाई क्रमश: 150 मी और 200 मी हैं और उनकी गति का अनुपात (छोटी:बड़ी) 2:5 है। यदि वे विपरीत दिशा में एक दूसरे को 15 सेकंड में पार करते हैं तो कितने समय में तेज गति की ट्रेन धीमी गति की ट्रेन को ओवरटेक करेगी?

(a) 20 सेकंड
(b) 25 सेकंड
(c) 32 सेकंड
(d) 35 सेकंड
(e) 27 सेकंड

Directions (28-30): नीचे दिए गए पाई चार्ट में पांच अलग-अलग व्यक्तियों के कुल निवेश में से (प्रतिशत के सन्दर्भ में) निवेश को दर्शाया गया है। प्रश्नों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उत्तर दीजिए।



Q28. B और E मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं। B व्यवसाय आरंभ होने के 9 महीने बाद व्यवसाय छोड़ देता है। B और E के लाभांश के मध्य अंतर ज्ञात कीजिए यदि कुल वार्षिक लाभ 15,400 रु है?

(a) 2100 रु
(b) 4200 रु
(c) 1400 रु
(d) 2800 रु
(e) 3500 रु

Q29. A और D मिलकर एक व्यवसाय आरंभ करते 6 महीनों के बाद 'A' को 'C' द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। D, A के दो महीने बाद व्यवसाय छोड़ देता है जबकि 'C' कुल 'x' महीनों के लिए कार्य करता है। 13,050 रु के कुल लाभ में से, 'A' को 6750 रु प्राप्त हुए, तो 'x' का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 10
(b) 8
(c) 6
(d) 4
(e) 2



Q30. 'A', 'F' और 'C' मिलकर एक व्यवसाय आरंभ करते हैं। F, C द्वारा निवेश राशि की तुलना में 4000 रु अधिक निवेश करता है। F व्यवसाय आरंभ होने के छह महीने के बाद व्यवसाय छोड़ देता है। और 2 महीने के बाद, 'C' व्यवसाय छोड़ देता है। वार्षिक लाभ से यदि A और C को मिलाकर 8750 रु प्राप्त हुए, तो सभी तीनों द्वारा मिलाकर कुल वार्षिक लाभ ज्ञात कीजिए।

(a) 11,250 रु
(b) 10,000 रु
(c) 12,500 रु
(d) 13,750 रु
(e) 15,000 रु

Directions (31-35): दी गई द्विघातीय समीकरण को हल कीजिए और अपने उत्तर के आधार पर सही उत्तर को चिह्नित कीजिए-

Q31. I. $(x - 2)^2 = 9$
II. $(2y + 8)^2 = 16$
(a) $x < y$
(b) x और y के मध्य कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।
(c) $x > y$
(d) $x \leq y$
(e) $x \geq y$

Q32. I. $x^2 - 16x + 64 = 0$
II. $y^2 - 16y + 63 = 0$
(a) $x > y$
(b) $x \leq y$
(c) $x \geq y$
(d) $x < y$
(e) x और y के मध्य कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

Q33. I. $\frac{25}{x^2} - \frac{15}{x} + 2 = 0$

II. $\frac{40}{y^2} + 1 = \frac{13}{y}$

(a) x < y

(b) x ≥ y

(c) x और y के मध्य कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

(d) x ≤ y

(e) x > y

Q34. I. $\frac{48}{x^2} - \frac{14}{x} + 1 = 0$

II. $\frac{45}{y^2} + \frac{1}{y} = 2$

(a) x और y के मध्य कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

(b) x ≤ y

(c) x < y

(d) x > y

(e) x ≥ y

Q35. I. $x^2 + 3x - 4 = 0$

II. $y^2 + 10y + 24 = 0$

(a) x ≤ y

(b) x < y

(c) x > y

(d) x और y के मध्य कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

(e) x ≥ y

Directions (36-40): निम्नलिखित प्रश्न तीन कथनों (I), (II) और (III) दिए गए हैं। आपको यह निर्धारित करना होगा कि प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कौन सा कथन पर्याप्त / आवश्यक है

Q36. A और B के मध्य दूरी कितनी है?

I. दो व्यक्ति अमित और अभि A से B तक एकसाथ बढ़ते हैं जिसमें उनकी गति का अनुपात 4:5 है.

II. अभि, अमित की तुलना में B पर एक घंटे पहले पहुंच जाता है।

III. अमित और अभि की गति के मध्य 20 किमी/घंटा का अंतर है।

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) सभी I, II और III

(d) सभी तीन कथन सहित उत्तर नहीं दिया जा सकता है

(e) इनमें से कोई नहीं

Q37. आयत का क्षेत्रफल कितना है?

I. यदि आयत की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात 3 : 2 है।

II. वृत्त की परिधि 440 मी और आयत की चौड़ाई वृत्त की त्रिज्या का 1/7 वां है।

III. यदि लम्बाई चौड़ाई की तुलना में 50% अधिक है।

(a) केवल III

(b) केवल II और या तो I या III

(c) केवल II

(d) सभी I, II और III

(e) इनमें से कोई नहीं

Q38. कक्षा 11 में कितने विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए?

I. कक्षा 11 में 400 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

II. कक्षा 11 में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या कक्षा 12 में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का 20% है।

III. कक्षा 11 में उपस्थित विद्यार्थियों का अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों से अनुपात 5 : 3 है।

(a) केवल I और III

(b) केवल II

(c) केवल I और II

(d) सभी I, II और III

(e) **सभी तीन कथन सहित भी उत्तर नहीं दिया जा सकता है**

Q39. ब्याज दर कितनी है?

I. ब्याज की समान दर पर एक राशि पर दो वर्षों में अर्जित साधारण ब्याज 44,000 रु है।

II. साधारण ब्याज पर कुछ वर्षों के बाद राशि 154000 रु है।

III. ब्याज की समान दर पर और समान राशि पर दो वर्षों में चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के मध्य 120रु का अंतर है।

(a) केवल I और III

(b) केवल III

(c) केवल II और III

(d) **सभी तीन कथन सहित भी उत्तर नहीं दिया जा सकता है**

(e) इनमें से कोई नहीं

Q40. दो संख्या का योग कितना है?

I. बड़ी संख्या छोटी संख्या की तुलना में 6 अधिक है।

II. छोटी संख्या का 40% बड़ी संख्या के 30% के बराबर है।

III. बड़ी संख्या का आधा और छोटी संख्या का 1/3 के मध्य अनुपात 2:1 है।

(a) केवल II और III

(b) केवल I और II

(c) तीन कथनों में से कोई दो

(d) सभी कथन आवश्यक है

(e) इनमे से कोई नहीं

Q41. एक बर्तन में 165 लीटर दूध है। दूध की कुछ मात्रा को बाहर निकाला जाता है और बर्तन में निकाले गए दूध की आधी मात्रा में, पानी मिलाया जाता है। अब बर्तन में दूध से पानी का अनुपात 5:3 हो जाता है। इनमें पानी की कितनी मात्रा मिलाई जाती है?

(a) 40 लीटर

(b) 45 लीटर

(c) 60 लीटर

(d) 30 लीटर

(e) 90 लीटर

Q42. दो बॉक्स में क्रमश: 4 और 16 गेंदे हैं। पहले बॉक्स में से दो गेंदे और दूसरे में चार गेंदे, काली हैं। यदि एक बॉक्स को यादृच्छिक रूप से चुना जाता है और दो गेंदों को यादृच्छिक रूप से निकाला जाता है, तो कम से कम एक गेंद के काले होने की प्रायिकता क्या है यदि गेंद को प्रतिस्थापित नहीं किया जाता?

(a) $\frac{11}{20}$

(b) $\frac{43}{120}$

(c) $\frac{77}{120}$

(d) $\frac{9}{20}$

(e) इनमें से कोई नहीं

Q43. ट्रेन A, 84 किमी/घंटे की गति से यात्रा करती हुई, समान दिशा में यात्रा करती ट्रेन B को 10 सेकंड में, ओवरटेक करती है। यदि ट्रेन B अपनी गति से दोगुना तेज़ यात्रा करती है, तो ट्रेन A उसे ओवरटेक करने में 22.5 लेगी. ट्रेन B की लम्बाई ज्ञात कीजिए, यह दिया गया है कि ट्रेन A की लम्बाई की आधी है?

(a) 50 मी

(b) 100 मी

(c) 200 मी

(d) 150 मी

(e) इनमें से कोई नही

Q44. 6 सेमी त्रिज्या के एक ठोस गोले को पिघाला जाता है और एकसमान मोटाई के खोखले बेलन में फिर से ढाला जाता है। यदि बेलन के आधार की बाहरी त्रिज्या 5 सेमी है और इसकी ऊंचाई 32 सेमी है, बेलन की एकसमान मोटाई ज्ञात कीजिए।

(a) 3 सेमी

(b) 1.5 सेमी

(c) 1 सेमी

(d) 2.5 सेमी

(e) इनमें से कोई नही



Q45. X और Y क्रमश: 700 रु और 600 रु के साथ एक साझेदारी में प्रवेश करते है। 3 महीनों के बाद, X ने अपने निवेश का 2/7 निकाल लिया लेकिन 3 महीनों के बाद, वह अपनी निकाली हुई राशि का 3/5 वापस रखता है। वर्ष के अंत में कुल लाभ 726 रु है। X को प्राप्त हुई राशि ज्ञात कीजिए?

(a) 336 रु

(b) 366 रु

(c) 633 रु

(d) 663 रु

(e) इनमें से कोई नही

Direction (46-50): - नीचे दी गई तालिका में तीन अलग अलग महीनों में विषम दिनों पर कार्य करने वाले कुल पुरुषों में से पुरुषों का प्रतिशत दर्शाया गया है और शेष पुरुष क्रमिक महीनों के सम दिनों में भी कार्य कर रहे हैं। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

महीने	**कार्य करने वाले पुरुष की कुल संख्या**	**विषम संख्या के दिनों में कार्य करने वाले पुरुषों का प्रतिशत**
मार्च	1000	30%
अप्रैल	1500	20%
अगस्त	750	60%

नोट: प्रत्येक व्यक्ति प्रति दिन 8 घंटे के लिए कार्य करता है

कुल कार्य – घंटे = कार्य करने वाले कुल व्यक्ति × कार्य के कुल दिन × 8 घंटे

Q46. मार्च के विषम दिनों पर कुल कार्य घंटे अप्रैल के सम दिनों पर कुल कार्य घंटे का कितना % है?

(a) $26\frac{2}{3}\%$

(b) $18\frac{2}{3}\%$

(c) $33\frac{1}{3}\%$

(d) $16\frac{2}{3}\%$

(e) $58\frac{1}{3}\%$

Q47. अप्रैल के कुल कार्य घंटे अगस्त के कुल कार्य घंटे की तुलना में कितना अधिक या कम है?

(a) 80,000

(b) 83,200

(c) 84,800

(d) 86,400

(e) 88,000

Q48. मार्च के सम दिनों पर कार्य घंटो का अगस्त के सम दिनों पर कार्य घंटो के मध्य अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 6 : 1
(b) 7 : 3
(c) 8 : 3
(d) 3 : 7
(e) 9 : 2

Q49. अप्रैल के विषम दिनों पर कार्य घंटे अगस्त के विषम दिनों में कार्य घंटे की तुलना में कितने प्रतिशत कम है?

(a) $33\frac{1}{3}\%$
(b) 40%
(c) 37.5%
(d) 62.5%
(e) 60%

Q50. सभी तीन महीनों में मिलाकर सम दिनों में कार्य घंटों का औसत कितना है।

(a) 88,000
(b) 66,000
(c) 86,000
(d) 78,000
(e) 74,000